# सोईकलां, बगवाज एवं रघुनाथपुर में शिविरों का आयोजन

## सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान 25 तक



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के क्रम में आज पहले दिन श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम सोईकलां, कराहल विकासखण्ड के ग्राम बगवाज एवं विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम रघुनाथपुर में शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं में लाभ प्रदान किया गया।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में ग्राम बगवाज में सुशासन सप्ताह अंतर्गत आयोजित शिविर के दौरान श्रीमती सोनम पत्नि सलमान निवासी बगवाज को खाद्यान पर्ची जनरेट करते हुए पीडीएस योजना से जोडा गया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं से संबंधित 23 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 18 का मौके पर ही निराकरण किया गया, शेष में समय सीमा निर्धारित की गई। इस अवसर पर सीईओ जनपद राकेश शर्मा, बीईओ प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं सीएफ्टी अंतर्गत शामिल कर्मचारी मौजूद रहें। इसी क्रम में ग्राम सोईकलां में तीन हितग्राहियों को योजनाओं में लाभ प्रदान किया गया। शिविर में सीईओ जनपद एसएस भटनागर तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहें। विजयपुर के रघुनाथपुर में आयोजित शिविर के दौरान 29 हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने की कार्यवाही की गई।

परियोजना अधिकारी एवं अभियान की नोडल श्रीमती राजेश शर्मा ने बताया कि सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में आज लगाये गये शिविरों के दौरान कुल 73 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 50 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष 23 आवेदनो के निराकरण हेतु समय सीमा निर्धारित की गई।

### आज यहां लगेंगे शिविर

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने बताया कि सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के क्रम में 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक 19 स्थानों पर कलस्टर लेबल शिविर आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में 21 दिसंबर को अजापुरा, कराहल एवं अगरा में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

# बालिकाओं को दी सृजन कार्यक्रम की जानकारी




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 दिसम्बर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदेशव्यापी सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी क्रम में जिला श्योपुर में पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया की मॉनिटरिंग में आज अगरा थानक्षेत्र अंतर्गत ग्राम चेंटीखेड़ा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर धरती संस्था व श्योपुर पुलिस द्वारा सृजन कार्यक्रम अंतर्गत आत्मरक्षा, लैंगिक समानता हेतु सकारात्मक कार्यों एवं नेतृत्व क्षमता बढ़ाने वाली पहल के माध्यम से किशोर किशोरियो का (सशक्तिकरण) क्षमता वर्धन एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन चेंटीखेड़ा में किया गया। किशोर किशोरियों को विशेष कर मुश्किल परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को विभिन्न परिस्थितियों जैसे बाल विवाह, शाला त्यागना, ड्रॉप आउट ,बाल श्रम ,पारिवारिक हिंसा ,आदि से बाहर निकालने हेतु सशक्त बनाना। किशोर किशोरियों को आत्मरक्षा और व्यक्तित्व विकास पर प्रशिक्षित करना जो उनके कैरियर और व्यक्तित्व जीवन में सफल होने के लिए उनकी क्षमताओं कौशल और ज्ञान को बढ़ाएं बच्चों को कानूनी रूप से साक्षर और सशक्त बनाना ताकि वे अपने अधिकारों और जिम्मेदारियां को समझ सकें और संवेदनशील नागरिक और सकारात्मक बदलाव ल सके। किशोर किशोरियों में अनुशासन आत्म नियंत्रण और आत्मविश्वास पैदा करना किशोर किशोरियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ना ताकि उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव हो सके। किशोर किशोरियों के नेतृत्व कौशल और क्षमताओं को विकसित करना एवं सुरक्षित स्वास्थ्य और बेहतर जीवन निर्माण हेतु प्रयास करना। सृजन कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत सरपंच राघवेंद्र कुशवाह एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में श्योपुर पुलिस की सृजन टीम से सूबेदार भागवत प्रसाद पांडेय आरक्षक रामब्रज गुर्जर , आरक्षक शिवराज घुरैया तथा आयोजक धरती संस्था से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर दशरथ अहिरवार, सीताराम शर्मा ,बनवारी लाल, सरिता अहिरवार ब्लॉक समन्वयक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं आशा एवं किशोर किशोरी उपस्थित रहे।

# बीईओ श्योपुर ने किया स्कूलों का निरीक्षण,दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 दिसंबर।** खंड शिक्षा अधिकारी श्योपुर श्रीमती मधु शर्मा द्वारा संकुल केंद्र ढोढर अंतर्गत हायर सेकेंडरी ढोढर, माध्यमिक विद्यालय आबादी पंजाबी, प्राथमिक विद्यालय रामगढ़, माध्यमिक विद्यालय सेमल्दा, हाई स्कूल सेमल्दा, माध्यमिक विद्यालय रामबाड़ी, हाई स्कूल आबादी पंजाबी का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें बच्चों की विद्यालय में कम उपस्थिति पाए जाने पर नाराजगी व्यक्ति की एवं दो दिवस में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने की निर्देश दिए एवं मध्यान भोजन में सुधार निर्देशित किया ।हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयो में बच्ची की परीक्षा की तैयारी हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए ।विद्यालयों मैं दिए गए निर्देश ई अटेंडेंस बढाने हेतु निर्देश, परीक्षा की तैयारी पर चर्चा की, एमडीएम सुधारने तथा विद्यालय परिसर में सफाई के निर्देश भी दिए गए ।

# पाँच-पाँच हजार के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 दिसम्बर।** जिला श्योपुर पुलिस अधीक्षक जिला श्योपुर सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया एवं एसडीओपी बडौदा प्रवीण अष्ठाना के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरी. यास्मीन खांन एवं टीम द्वारा 5000 रु का ईनामी आरोपी किया गिरफ्तार ।

फरियादी उदय सिह पुत्र रामसिह सिसोदिया उम्र 40 साल निवासी पनवाडा ने रिपोर्ट किया कि आरोपी भूरा ऊर्फ प्रदीप सिकरवार पुत्र ओमप्रकाश सिकरवार निवासी तोर तिलावली थाना देवगढ़ जिला मुरैना एवं लाला ऊर्फ शैलेन्द्र पुत्र जगमोहन यादव उम्र 30 साल निवासी ग्राम दुल्हनी थाना सुमावली जिला मुरैना के द्वारा फरियादी व अन्य लोगो के ट्रेक्टरो अनुबंध कर काम पर लगाया था जिन्हे ट्रेक्टर मालिको को वापस नही किया और अपने साथ ले गये रिपोर्ट पर अप.क्र. 23/24 धारा 406 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया ।

दौराने विवेचना आरोपीगण भूरा ऊर्फ प्रदीप सिकरवार पुत्र ओमप्रकाश सिकरवार निवासी तोर तिलावली थाना देवगढ़ जिला मुरैना एवं लाला ऊर्फशैलेन्द्र पुत्र जगमोहन यादव उम्र 30 साल निवासी ग्राम दुल्हनी थाना सुमावली जिला मुरैना की गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्योपुर द्वारा 5000/- 5000/- रु का ईनाम घोषित किया गया था आज दिनांक 19.12.25 को मुखबिर सूचना पर आरोपी लाला ऊर्फशैलेन्द्र पुत्र जगमोहन यादव उम्र 30 साल निवासी ग्राम दुल्हनी थाना सुमावली जिला मुरैना को गिरफ्तार किया गया ।जिसे न्यायालय में पेश किया गया ।

# श्री हजारेश्वर हायर सैकेण्डरी स्कूल में कॉलेज चलो अभियान का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय, श्योपुर द्वारा श्री हजारेश्वर हायर सैकेण्डरी स्कूल में कॉलेज चलो अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को इस अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया तथा कार्यक्रम नोडल अधिकारी ने विद्यार्थियों को इस हेतु ऑनलाइन प्रवेश एवं एनईपी- 2020 के अन्तर्गत विषय चयन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

टीम संयोजक एवं समस्त सदस्यों ने शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय में विभाग द्वारा संचालित 2 विशेष विषयों भू-गर्भ शास्त्र व सांख्यिकी के साथ-साथ सभी पाठ्यक्रमों, शासन की विभिन्न योजनाओं, अन्य पाठ्य-सहगामी गतिविधियों, कौशल व व्यक्तित्व विकास सम्बन्धी कार्यक्रमों, प्रतियोगी परीक्षाओं व जॉब सम्बन्धी मार्गदर्शन के लिए संचालित स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ, एनएसएस इकाई व महाविद्यालय में उपलब्ध महत्वपूर्ण संसाधनों व अन्य जानकारी से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। अभियान रूपी इस कार्यक्रम के अन्त में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन एवं जॉब सम्बन्धी पूछे गए प्रश्नों के जवाब देकर सम्पूर्ण टीम ने उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया।

अभियान दल में डॉ. ललिता सिकरवार, वेदांकी खण्डेलवाल, अनिल कुमार तोमर, डॉ. योगेश कुमार बाथम एवम् डॉ. महेश कुमार कुशवाह शामिल रहे।

# आदिवासी युवक की पिटाई का आरोप, ग्रामीणों का धरना, थाना प्रभारी हटाने की मांग



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 20 दिसम्बर।** अगरा थाना क्षेत्र में पुलिस की कथित बर्बरता को लेकर आक्रोश फूट पड़ा। थाना प्रभारी सुमेर धाकड़ पर युवक रामगिर आदिवासी उम्र 47 पुत्र धम्मा आदिवासी के साथ थाने के भीतर हथकड़ी लगाकर बेरहमी से मारपीट करने के गंभीर आरोप लगे हैं। घटना के विरोध में ग्रामीण थाने परिसर में धरने पर बैठ गए, जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि रामगिर आदिवासी को बिना उचित कारण हिरासत में लिया गया और फिर कानून के विपरीत हथकड़ी पहनाकर मारपीट की गई। पीड़ित के शरीर पर चोटों के निशान होने का दावा करते हुए प्रदर्शनकारियों ने इसे मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन बताया। धरने में भाजपा के सहरिया प्राधिकरण अध्यक्ष तुसनपाल बरैया, भाजपा जिला महामंत्री अरविंद सिंह जादौन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष परीक्षित धाकड़, आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष बाईसराम आदिवासी सहित कई वरिष्ठ नेता और समाजजन मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में थाना प्रभारी को तत्काल हटाने, निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। नेताओं ने कहा कि आदिवासी समाज के साथ इस तरह का व्यवहार अस्वीकार्य है और यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पुलिस का यह रवैया भरोसे को तोड़ता है और कानून के रक्षक ही जब कानून तोड़ें, तो जवाबदेही तय होनी चाहिए। फिलहाल पुलिस प्रशासन की ओर से स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं आया है। मामले ने तूल पकड़ लिया है और अब सबकी निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं—क्या आरोपों की निष्पक्ष जांच होगी या मामला फाइलों में दबा दिया जाएगा? एसडीओपी विजयपुर राधवेन्द्र सिंह तोमर ने अबगत कराया कि हम अगरा थाने पहुंचे तो वहां गांमीणौ की भीड़ जमी हुई थी ब भाजपा के नेता मौजूद थे तब हमने धरने का कारण जाना और बरिष्ठ अधिकारीयों को अबगत कराया तब रामगिरी आदिवासी की मारपीट के आरोप में थाना प्रभारी सुमेर सिंह धाकड़ को लाईन अटेच कर दिया है ।

आगे जांच उपरांत कार्यवाही की जायेगी, तब भाजपा नेता तुसनपाल बरैया ब जिला महामंत्री अरविन्द सिंह जादौन ब जिला उपाध्यक्ष परीक्षत धाकड़ ब ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

# डाईट प्राचार्य ने किया एमडीएम का अवलोकन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाडियों के मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम की नियमित निगरानी हेतु जारी किये गये दिशा निर्देशो के अनुरूप डाइट प्राचार्य राघवेंद्र सिंह सिकरवार द्वारा आज शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला सोईकला का निरीक्षण किया गया तथा मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के अवलोकन के साथ ही विद्यालय में संचालित अकादमिक गतिविधियों का जायजा लिया गया।

इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता का आंकलन किया गया। उन्होंने विद्यालय में आयोजित बाल मेले का अवलोकन करते हुए बच्चों से चर्चा की गई, विद्यालय में 297 बच्चें उपस्थित पाये गये। इस अवसर पर डाईट के ईसीसीई प्रभारी प्रदीप मुदगल भी मौजूद रहें।

## रेडक्रॉस पदाधिकारियों का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**श्योपुर, 20 दिसंबर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के पदाधिकारियों का निर्वाचन 20 दिसंबर को होगा, निर्वाचन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी बीएस श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की वार्षिक साधारण सभा की बैठक एवं पदाधिकारियों का निर्वाचन निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर श्योपुर में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित किया गया है। वार्षिक साधारण सभा की बैठक के उपरांत जिला शाखा के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होगी। जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 20 दिसंबर को दोपहर 01 बजे से 1.30 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेगे, दोपहर 1.30 बजे से दोपहर 1.45 बजे तक नामांकन फार्मो की संवीक्षा होगी, दोपहर 1.45 बजे से दोपहर 02 बजे तक समय नाम वापसी के लिए रहेगा। आवश्यक होने पर दोपहर 02 बजे से अपरान्ह 3.30 बजे तक मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। अपरान्ह 3.30 बजे से सांय 4.15 बजे तक मतगणना कराई जायेगी, इसके उपरांत परिणामों की घोषणा तथा निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेगे।

# 05 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 दिसंबर।** 14-15.03.25 की दरम्यानी रात ललितपुरा चौराहे से आरोपी सोहेल उर्फ शोहिल मीणा ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक ट्रोली चुराई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर से अप.क्र. 118/25 धारा 303 (2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया ।बाद में घटना में संलिप्त आरोपी कुशल गुर्जर, रोहित पारेता, चेतन योगी आकाश गुर्जर को गिरफ्तार किया गया बाद उक्त आरोपियों के कब्जे से अपराध सदर में चोरी ट्रोली एवं घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर को जप्त किया गया है ।आरोपी सोहेल उर्फ शोहिल मीणा पुत्र रामविलास मीणा उए 19 साल निवासी ग्राम पीपल्दा थाना किशनगंज जिला बारां की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे जिसे ।आज दिनांक 18.12.25 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।उक्त आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बड़ौदा निरीक्षक सत्यम गुर्जर,एएसआई परमाल सिंह,प्रआर अखलेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही ।




# 409 दोपहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही , 1,22,700 का जुर्माना किया

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 दिसंबर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु दर में कमी लाए जाने के उद्देश्य से सुधीर कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर श्योपुर पुलिस के द्वारा दिनांक 11/12/25 से 31/12/25 तक 21 दिवसीय जिला स्तरीय विशेष हेलमेट चेकिंग अभियान ('हेलमेट लगाओ दृजीवन बचाओ अभियान) संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पिछले एक सप्ताह में जिले के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में एवं यातायात थाने द्वारा शहर के यातायात थाने के सामने महाराणा प्रताप चौराहे, पुलिस कंट्रोल रूम के सामने तथा पाली रोड पर पुराने देहात थाने के सामने यातायात पुलिस की वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई, चेकिंग में बिना हेलमेट चलने वाले 409 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई कर '1,22,700 (एक लाख बाइस हजार सात सौ रुपए) 'का समन जुर्माना किया गया।

तथा उनको हमेशा हेलमेट लगाने एवं अपने परिवार व मित्रजनों को भी हेलमेट के लिए प्रेरित करने के लिए समझाइश दी, और हेलमेट के महत्व तथा हेलमेट न लगाने से होने वाले दुष्प्रभावो के बारे में बताया गया।

# विधायक ने किया 10 .5 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण

## विकास करना भाजपा की नीति : विधायक



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़ 20 दिसम्बर।** जहां तक विकास की बात है तो विकास कराना तो भाजपा की शुरू से नीति -रही है पहले हमने जनसंघ पार्टी के रूप में फिर जनता पार्टी के रूप में और अब भारतीय जनता पार्टी के रूप में कार्य कर रहे हैं, सदैव ही विकास हमारी पार्टी का प्रमुख उद्देश्य रहा है भारतीय जनता पार्टी की सरकार में रहे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने किसानों को क्रेडिट कार्ड योजना देकर एक महान कार्य किया इस कार्य से संपूर्ण देश के किसानों को साहूकारों से निजात मिली, उन्हीं के द्वारा देश में संचार क्रांति लाई गई जिसके माध्यम से हमारे देश का हर व्यक्ति संपूर्ण विश्व से सीधा जुड़ गया,

यह बात सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने ग्राम पंचायत रामपुरा के ग्राम रामपुरा में मलियापुरा रोड पर स्थित माता मंदिर प्रांगण में 6 लाख लागत के सामुदायिक भवन एवं 4लाख 50 हजार लागत के सी सी रोड निर्माण कार्य कुल 10 लाख 50 हजार के निर्माण कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही ।उन्होने कहा कि संपूर्ण पूरे विश्व के किसी भी कोने में घर बैठे अपनी बात पहुंचाई जा सकती है इसी कड़ी में हमारे देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान योजना के माध्यम से 5 लाख तक के निशुल्क इलाज की व्यवस्था कर देशवासियों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए बहुत बड़ी सौगात दी , इलाज के बाद यदि किसी गरीब का निधन हो जाये तो संबल योजना के माध्यम से पीड़ित परिवार 2 लाख से 4 लाख तक की राशि देकर उनके आंसू पौंछने का काम कर रही भाजपा सरकार । आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से उन्हें स्वयं के आवास उपलब्ध कराने का महान कार्य मोदी द्वारा निरंतर किया जा रहा है , हमारे प्रदेश की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा ग्रामों के विकास की चिंता करते हुए विधानसभा क्षेत्र को खूब बजट दिया जा रहा है उन्हीं के आशीर्वाद से आज हम ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों हेतु खूब बजट दे पा रहे हैं ।, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीताराम धाकड़ सरपंच चीना, प्रमोद सिंह राजपूत सरपंच भगवापुरा, इंद्रपाल सिंह गुर्जर सरपंच खंजापुरा, पहलवान कुशवाहा, हरनारायण सेन, जोगिंदर सिंह जाट, पवन पाठक, राजपाल सिंह गुर्जर, शाकिर अली खान, राहुल शर्मा, रुस्तम सिंह कौरव, नीरू सिंह चौहान , आदि उपस्थित रहे ग्राम के सरपंच उत्तम सिंह किरार द्वारा समस्त अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया इस अवसर पर उन्होंने अतिथियों को शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिह्न भेंट किया कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के आयोजक द्वारा यहां सहभोज का आयोजन किया गया जिसमें समस्त अतिथियों ने ग्राम वासियों के साथ भोजन ग्रहण किया इस अवसर पर रामस्वरूप राजपूत बड़े दादा, निलेश धाकड़, धर्मेंद्र खड्डर, विजय गुप्ता, राजेश गुप्ता, चंदन सिंह राजपूत के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# सेंवढ़ा विधायक ने मिडिल स्कूल में किया नि :शुल्क साईकिलों का वितरण



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़ 20 दिसम्बर।** भगुवापुरा आज के भौतिक दौर में शिक्षा का होना अति आवश्यक है छात्र-छात्राओं को शिक्षित करने के लिये सरकार दृढ़ संकल्पित है सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क पाठय पुस्तक वितरण निशुल्क गणवेश वितरण निशुल्क साइकिल वितरण राज्य छात्रवृत्ति वितरण कन्या साक्षरता प्रोत्साहन वितरण सामान्य वर्ग निर्धन छात्रवृत्ति वितरण सनिर्माण कर्मकार छात्रवृत्ति वितरण और मध्यान भोजन जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं ।दूर दराज से विद्यालय में आने वाले छात्र-छात्राओं को असुविधा न हो उनकी पढ़ाई में किसी प्रकार की कोई बाधा न आए इस उद्देश्य माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा छठवीं के बच्चों को सरकार द्वारा निशुल्क साइकिल उपलब्ध कराने का कार्य लगातार वर्ष 2003 से किया जा रहा है आज हजारों मेधावी बच्चों की उच्च शिक्षा में होने वाले खर्चों को सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है, अर्थात अब बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में पैसा किसी प्रकार से बाधक नहीं है , यह बात सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने मिडिल स्कूल भगुवापुरा में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही उन्होंने आगे कहा कि आप लोग शिक्षित होकर राष्ट्र के नवनिर्माण में अपना योगदान देकर शिक्षा को वरदान वरदान साबित करें न कि शिक्षा का दुरुपयोग कर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होकर शिक्षा को अभिशाप के रूप में ग्रहण करें इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जनों से कहा कि हमें हर रात सोने से पहले चिंतन करना चाहिए कि आज हमारे द्वारा कौन-कौन सी कार्य किए गए इनमें से कितने कार्य अच्छे थे कितने कार्य बुरे थे इस चिंतन से जो आपके द्वारा बुरे थे उनकी आगे पुनरावृति नहीं होगी ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तम सिंह राजपूत सरपंच ग्राम पंचायत रामपुरा द्वारा की गई विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमोद सिंह राजपूत सरपंच भगुवापुरा, रामस्वरूप राजपूत बड़े दादा, भास्कर गुप्ता, राजेश गुप्ता, विजय गुप्ता, निलेश धाकड़, भगवान सिंह यादव, साकिर खान, पवन पाठक, राजपाल सिंह गुर्जर, प्रमोद शर्मा आदि उपस्थित रहे स्कूल की प्राचार्य राम मिलन नरवरिया द्वारा समस्त अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से की गई हायर सेकेंडरी स्कूल भगुवापुरा के प्राचार्य प्रमोद शर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में चल रही गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि विधायक प्रदीप अग्रवाल के कार्यकाल 2013 से 2018 में सबसे ज्यादा स्कूलों का मिडिल स्कूल से हाई स्कूल और हाई स्कूल से हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन हुए थे और उन्नयन के साथ-साथ नवीन भवन भी स्वीकृत हुए थे, उसके बाद 2018 से 2023 तक एक भी स्कूल का उन्नयन नहीं हुआ है ।

कार्यक्रम में 26 छात्राओं एवं 11 छात्रों को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया कार्यक्रम में मंच का संचालन रमेश राजपूत द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय परिवार से राकेश सिंह चौहान, राजकुमार खांगट, शिवम गुप्ता, पिस्ता राजपूत के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।